दिन– बुधवार  दिनांक– 30 / 04 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।  अवधि– 15 मिनट

---

01. पहलगाम आतंकी हमले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा मंत्री और शीर्ष अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक की।

02. न्यायमूर्ति बी.आर. गवई भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे।

03. निगरानी की टीम ने पूर्वी चंपारण जिला योजना एवं विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार को दो लाख रूपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया।

04. और, मौसम विभाग ने आज पटना, नालंदा, सुपौल, किशनगंज, कटिहार और बांका समेत आस–पास के बीस जिलों में आंधी और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल नई दिल्ली में अपने आवास पर शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल हुए। यह बैठक पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मामले पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भी प्रधानमंत्री से कल उनके आवास पर मुलाकात की।

---

सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने न्यायमूर्ति गवई को भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति अगले महीने की चौदह तारीख से प्रभावी होगी। वर्तमान चीफ जस्टिस संजय खन्ना का कार्यकाल तेरह मई को समाप्त हो रहा है। न्यायमूर्ति गवई बावनवें मुख्य न्यायाधीश होंगे।

---

सीवान जिले के गुठनी प्रखंड के श्रीकलपुर गांव निवासी एयर मार्शल नरमदेश्वर तिवारी को वायु सेना का नया उप प्रमुख बनाया गया है। एयर मार्शल तिवारी वर्तमान में गांधीनगर में साउथ वेस्टर्न एयर कमांड के कमांडर हैं। वे एक मई को एयर मार्शल सुजीत पुष्पाकर धारकर की जगह लेंगे।

---

सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा है कि राज्य में सहकारी चीनी मिलों को दोबारा शुरू करने की जरूरत है। गया में मगध प्रमंडल के सभी पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में श्री कुमार ने ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिस्कोमान की तर्ज पर राज्य स्तरीय विपनन फेडरेशन तथा प्रमंडल स्तरीय संघ का गठन करने की तैयारी की जा रही है। बिस्कोमान के मल्टी स्टेट कॉपरेटिव सोसाईटी बन जाने के बाद पैक्स और व्यापार मंडल को एक फेडरेशन एवं प्रमंडल स्तरीय संघ की जरूरत है।

---

और, अब खबरे खेलो इंडिया यूथ गेम्स से...

–––कट–––

खेलो इंडिया यूथ गेम्स–दो हजार पच्चीस के भव्य शुभारंभ की तैयारियां जोर–जोर से चल रही है। मुख्य उद्घाटन समारोह पटना के कंकड़बाग स्थित पाटलिपुत्र खेल परिसर में होगा। सुनते हैं हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

–––रिपोर्ट–––

यह आयोजन पटना, राजगीर, बेगूसराय, भागलपुर और गया में चार मई से पंद्रह मई तक चलेगा।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज गया में मेजर ध्यानचंद खेल परिसर का उद्घाटन करेंगे। यह परिसर बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान–बिपार्ड परिसर में तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री इसके अलावा यहां स्वीमिंग पुल और ओपन एयर थिएटर का भी उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहेंगे।

---

राजगीर स्थित बिहार खेल विश्वविद्यालय में दो हजार पच्चीस–छब्बीस के सत्र से एथलेटिक्स और क्रिकेट खेल प्रशिक्षण में स्नात्कोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। दोनों विषयों में बीस–बीस सीट का प्रावधान किया गया है। विश्वविद्यालय के प्रथम एकेडमिक और एक्टिविटी परिषद की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया। कुलपति शिशिर सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में परीक्षा नियंत्रक की अध्यक्षता में एक प्रशिक्षण सेल के गठन का भी निर्णय लिया गया।

---

राजभवन ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों के अंगीभूत महाविद्यालयों में विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा सफल घोषित प्राचार्यों की नियुक्ति पर रोक लगा दी है। राजभवन के अनुसार एक सौ सोलह अनुशंसित प्राधानचार्यों की नियुक्तियां कुलाधिपति प्रतिनिधि के परामर्श पर ही की जाएगी।

---

पहला विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट शिखर सम्मेलन – वेव्स दो हजार पच्चीस कल से मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में शुरू होगा। यह चार दिवसीय कार्यक्रम श्रव्य– दृश्य और मनोरंजन उद्योग के भविष्य पर चर्चा के लिए वैश्विक मंच प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में वैश्विक मीडिया संवाद, क्रेता–विक्रेता बैठकें, उभरते सृजनकर्ताओं के लिए अपनी सामग्री को प्रस्तुत करने और बढ़ावा देने के सत्र तथा कहानी सुनाने के नए जमाने के प्रारूपों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। एक रिपोर्ट.

–––रिपोर्ट–––

---

मौसम विभाग ने आज उत्तर और दक्षिण बिहार के बीस जिलों में आंधी और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार इस दौरान सुपौल, अररिया, किशनगंज, पटना, नालंदा, शेखपुरा, कटिहार, बांका, जमुई और आस–पास के जिलों में हवा की रफ्तार तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटा रहने की संभावना है। विभाग ने खराब मौसम के दौरान लोगों से बाहर नहीं निकलने और सतर्कता बरतने की अपील की है। इस बीच, अपने पूर्वानुमान में मौसम विभाग ने कहा है कि दो मई को एक और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की परिस्थितियां बन रही

हैं। इसके प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में पुरवैया हवा के साथ बारिश होने की संभावना है।

---

अक्षय तृतीया के अवसर पर आज उत्तराखंड में चार धाम यात्रा की शुरुआत होगी। इस अवसर पर उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिरों के कपाट खोले जाएंगे। तीर्थ पुरोहित राजेश सेमवाल ने बताया कि आज पालकी यात्रा भैरवघाटी से गंगोत्री के लिए रवाना होगी, जहां सुबह साढ़े दस बजे पारंपरिक पूजा–अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मंदिर के कपाट खोल दिए जाएंगे। वहीं, मां यमुना की पालकी आज सुबह अपने शीतकालीन प्रवास खरसाली से यमुनोत्री धाम के लिए रवाना होगी, जहां मंदिर के कपाट सुबह साढ़े ग्यारह बजे श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार को और बद्रीनाथ धाम के कपाट रविवार को खुलेंगे। चारधाम यात्रा के उद्घाटन समारोह का आकाशवाणी से सीधा प्रसारण किया जाएगा।

---

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के टीम ने पूर्वी चंपारण जिला योजना एवं विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार को दो लाख रूपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। यह गिरफ्तारी उनके मोतिहारी स्थित आवास से की गई है। कार्यपालक अभियंता पंचायत सरकार भवन योजना की पहली किस्त के भुगतान के एवज में रिश्वत की मांग कर रहे थे। मामला कल्याणपुर प्रखंड के सिसवा बरार के मलंगपुर पंचायत सरकार भवन के निर्माण से जुड़ा हुआ है।

---

खगड़िया जिले में सदर अंचलाधिकारी ब्रजेश कुमार पाटिल को निलंबित कर दिया गया है। खगड़िया के समाहर्ता की रिपोर्ट के आधार पर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अनुशासनिक प्राधिकार ने यह कार्रवाई की है। विभाग ने पत्र जारी कर कहा है कि निलंबित अधिकारी पर कार्यों के निष्पादन में घोर लापरवाही के आरोप सही पाये गए हैं।

---

नालंदा जिले के इस्लामपुर थाना क्षेत्र के बरडीह गांव के पास अपराधियों और पुलिस की मुठभेड़ हुई। हमारे संवाददाता ने बताया है कि कल दिन दहाड़े ककनी खंधा

ईलाके में मुठभेड़ के दौरान दोनों ओर से हुई गोलीबारी के बीच पुलिस ने एक अपराधी को हिरासत में ले लिया। जिसे गोलबारी के बीच ही अपराधी छुड़ाकर फरार हो गए। मुठभेड़ में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अपराधियों की धड़–पकड़ के लिए पुलिस संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी कर रही है।

---

राज्य में होमगार्ड की बहाली के लिए विभिन्न जिलों में अभ्यर्थियों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा आज से शुरू हो गयी है। भोजपुर, और मुंगेर सहित विभिन्न जिलों में इसे लेकर व्यापक इंतजाम किये गए हैं।

---

काउंसिल फोर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन– सीआईएससीई बोर्ड आज दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम जारी करेगा। बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों परीक्षाओं के परिणाम बोर्ड के आधिकारिक वेबसाईट सीआईएससीई डॉट ओआरजी और रिजल्ट डॉट सीआईएससीई डॉट ओआरजी पर देखे जा सकते हैं। परिणाम डिजी लॉकर पर भी उपलब्ध रहेगा।

---

आज बाल श्रम उन्मूलन दिवस है। बाल श्रम के खिलाफ लोगों को जागरूक करने और चौदह वर्ष से कम उम्र के बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने अपने संदेश में कहा है कि बाल श्रम को रोकने में सरकार के साथ–साथ राज्य के नागरिकों और अन्य हितधारकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सभी के प्रयास से इस कुरीति को न्यूनतम स्तर तक ले जाया जा सकता है। वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में राज्य के नागरिकों से बाल मजदूरी जड़ से समाप्त करने और बच्चों को स्कूल भेजने और पढ़ने–लिखने में अपना योगदान देने की अपील की है।

---

शिवहर जिले के चिकनौटा मार्ग स्थित मेलागाछी से पुलिस ने इनामी अपराधी शिवनाथ पासवान को एक पिस्तौल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी के खिलाफ शिवहर के अलावा पूर्वी चंपारण तथा सीतामढ़ी जिलों में कई गंभीर मामले दर्ज हैं।

---

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेना प्रमुखों के साथ हुई बैठक की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**प्रभात खबर** ने इस खबर का शीर्षक दिया है – पीएम मोदी ने दी खुली छूट। सेना करेगी तय, कार्रवाई कब, कहां और कैसे होगी। एक अन्य खबर में अखबार लिखता है –पहलगाम हमले के बाद केंद्रीय कैबिनेट की पहली बैठक आज। **हिन्दुस्तान** की सुर्खी है – कश्मीर के भीड़–भाड़ वाले अड़तालीस पर्यटन स्थल बंद। **दैनिक जागरण** की प्रमुख खबर है – सीएम ने वैभव को दस लाख रूपये सम्मान राशि देने की घोषणा की। **दैनिक भास्कर** लिखता है – तीन महीने में सत्ताईस हजार तीन सौ पचहत्तर आशा कार्यकर्ताओं की बहाली की जाएगी। **राष्ट्रीय सहारा** ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है – आतंकियों के खिलाफ स्पाईवेयर के इस्तेमाल में गलत क्या? **आज** अखबार की सुर्खी है – सीमाओं पर तनाव जारी, पाक सेना ने पांचवीं रात भी संघर्ष विराम का किया उल्लंघन।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. पहलगाम आतंकी हमले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा मंत्री और शीर्ष अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक की।

02. न्यायमूर्ति बी.आर. गवई भारत के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे।

03. निगरानी की टीम ने पूर्वी चंपारण जिला योजना एवं विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता अजय कुमार को दो लाख रूपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया।

04. और, मौसम विभाग ने आज पटना, नालंदा, सुपौल, किशनगंज, कटिहार और बांका समेत आस–पास के बीस जिलों में आंधी और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।